IMAGINE ROTARY

RI Theme 2021-22



**रो. जेनिफर जोन्स**
रोटरी अन्तर्राष्ट्रीय अध्यक्ष



**रो. जिनेन्द्र जैन**
मण्डलाध्यक्ष



**रो. लालिमा तिवारी**
अध्यक्ष



**रो. विनीत सहाय**
मानद् सचिव



**रो. सुनील जौहरी**
सम्पादक

Rotary


मुखपत्र

# उन्मेष

सत्र 2022-23

www.rcindoreuptown.org

## रोटरी क्लब ऑफ इन्दौर अपटाउन

चार्टर नं. 004-304-0026590 दि. 27.06.89 मण्डल 3040

वर्ष : 34 | अंक : 12 | नियमित सभा स्थल : महादेवी पुस्तकालय, इन्दौर | जून 2023


## अध्यक्ष का संदेश



प्रिय रोटेरियन साथियों,
रोटरी अभिवादन।

आप सब ने जिस विश्वास से क्लब की प्रथम महिला अध्यक्ष पद का दायित्व मुझे प्रदान किया उस पर खरा उतरने का मैंने पूर्ण प्रयास किया।

सत्र के आरंभ में आप सब के साथ **डायलिसिस ग्लोबल ग्रांट** करने का जो संकल्प लिया था, उसे इसी सत्र में पूर्ण करना निःसंदेह क्लब के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है, जो आप सब के सहयोग के बिना असंभव थी। इस प्रकल्प के कमेटी मेंबर्स **रो. सुनील माहेश्वरी जी, रो. राजन बवेजा जी, रो. शरद तिवारी जी, रो. विनीत सहाय जी** एवं प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर पी डी जी **रो. अतुल गार्गव जी** के सहयोग एवं मार्गदर्शन हेतु हार्दिक धन्यवाद। सभी दानदाताओं को आभार जिन्होंने इस नेक कार्य में दिल खोल कर सहयोग प्रदान किया। मंडलाध्यक्ष **रो. जिनेन्द्र जैन** एवं सहायक मंडलाध्यक्ष **रो. घनश्याम सिंह** के सहयोग एवं मार्गदर्शन हेतु हार्दिक आभार। सभी एवेन्यू डायरेक्टर्स का आभार, जिन्होंने क्लब हित में अपनी सेवाएं प्रदान कर क्लब की गरिमा बढ़ाई। समर्थन, सहयोग एवं मार्गदर्शन हेतु आपमें से प्रत्येक के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करती हूं। नवीन सत्र हेतु आगामी क्लब अध्यक्ष **रो. डॉ. उपिंदर धर** जी एवं उनकी टीम को अग्रिम बधाई एवं शुभकामनाएं।

**– रो. लालिमा तिवारी**

## मानद् सचिव का संदेश



प्रिय रोटेरियन साथियों,
रोटरी अभिवादन।

सर्वप्रथम पूरे सत्र में आप सभी के साथ, सहयोग एवं विश्वास के लिए दिल से धन्यवाद। अपटाउन जैसे महान क्लब का सदस्य होना ही बड़े गर्व की बात होती है, उस क्लब का सचिव होना एक ऐसा दायित्व हे जिसमें जितना भी कार्य किया जाए कम ही होगा। आप सभी ने जो दायित्व मुझे सौंपा था, उसे निभाने के लिए हमने आप सभी के सहयोग एवं मार्गदर्शन से वर्ष भर पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी से सभी की उम्मीदों के अनुसार कार्य करने की भरसक कोशिश की और काफ़ी हद तक सफल भी हुए। इस वर्ष हमने दो नवीन स्थायी प्रकल्प **दृष्टि** एवं **लिटिल हार्ट** शुरू किए, इसके लिए हम **रो. राजन बवेजा** भाई के कृतज्ञ हैं, जिन्होंने हम पर इतना विश्वास दिखाया और आपको यह जानकर अत्यंत ख़ुशी होगी कि अब इसे हम पूरे डिस्ट्रिक्ट में करने जा रहे हैं। इस वर्ष ग्लोबल ग्रांट के तहत हैप्पी स्कूल प्रकल्प को रिपोर्ट कर पूर्ण किया, नया प्रकल्प डायलिसिस हेतु किया गया एवं एक और नए प्रकल्प लेप्रा को यूके के क्लब के सहयोग से शुरू करने के लिये चर्चारत हैं। इस साल कुछ और नए स्कूल को हैप्पी स्कूल बनाने के प्रयास शुरू किए, जो कि आगे भी जारी रहेंगे। मुझे पूर्ण विश्वास है कि हमने आपको निराश नहीं किया होगा अपितु फिर भी यदि हमसे भूलवश कोई कमी रह गयी हो या त्रुटि हुई हो तो उसके लिए हृदय से क्षमाप्रार्थी हैं। धन्यवाद। जय हिंद, जय रोटरी।

**– रो. विनीत सहाय**

## संपादक की कलम से



प्रिय साथियों,
रोटरी अभिवादन।

सत्र 2022-23 के दौरान आप सभी के सहयोग से प्रत्येक माह की 1 तारीख को उन्मेष प्रकाशित हुई। आप सभी से मिले मार्गदर्शन, सहयोग एवं स्नेह से अभिभूत हूँ एवं सभी का हृदय से बहुत-बहुत आभारी हूँ।

**– रो. सुनील जौहरी**

## प्रकल्प एवं गतिविधियाँ

▸ **दिनांक 5 जून 2023** को आयोजित नेत्र परीक्षण में आठ दृष्टिबाधित बच्चों को चिन्हांकित किया गया था। उनमें से आज छठी बालिका को एक स्पेशल टेस्ट हेतु चोईथराम नेत्रालय से **राजस आई हॉस्पिटल** में लाया गया। बालिका को विशेष चश्मा शीघ्र ही प्रदान किया जाएगा, जिससे उसकी दृष्टि क्षमता में सुधार होगा। प्रोजेक्ट को-ऑर्डिनेटर **रो. डॉ. आराधना सहाय थीं।**



▸ **प्रोजेक्ट दृष्टि – दिनांक 1 जून 2023** को क्लब सदस्य **रो. सुरेश नुहाल** की फैक्ट्री में **कुल 110 महिलाओं एवं पुरुषों** के **नेत्र परीक्षण**


दाद, खुजली का निदान-अब और भी आसान

जालिम प्लस™ लोशन

- Cream
- Gel
- Lotion
- Malam

ORIENTAL INDORE

**ORIENTAL CHEMICAL WORKS PVT. LTD.**
'Akshat' 130, Kanchan Bagh, Indore - 452 001 (M.P.) INDIA
Tel. : 0731-2515894, Cell : +91 98260-51728
E-mail : ocwpl.indore@gmail.com
Website : www.ocwpl.com



विशेषज्ञ के द्वारा किए गए एवं **44 हितग्राहियों को नम्बर के चश्मे निःशुल्क वितरित** किए गए। **8 हितग्राहियों में मोतियाबिंद** के लक्षण एवं **4 हितग्राहियों** को **रेटिना की समस्या** पाई गई। प्रकल्प में **रो. सुरेश नुहाल** का भरपूर सहयोग रहा, पूरी टीम को उपहारस्वरूप **तुलसी के पौधे** दिए गए।

इसी प्रकार **दिनांक 13 जून 2023** को क्लब सदस्य **पालदा इंडस्ट्रियल एरिया** में कार्यरत **महिलाओं एवं पुरुषों** में से **75** के **नेत्र परीक्षण** विशेषज्ञ के द्वारा किए गए एवं **42 हितग्राहियों को नम्बर के चश्मे निःशुल्क वितरित** किए गए। **13 हितग्राहियों में मोतियाबिंद** एवं **4 हितग्राहियों** को **रेटिना की समस्या** के लक्षण पाए गए।




प्रोजेक्ट को-ऑर्डिनेटर थीं **रो. डॉ. आराधना सहाय** एवं **नम्बर के चश्मे एन् संगीता शाह** के सहयोग एवं विशेष प्रयासों से **भंसाली ट्रस्ट मुंबई** के मुख्य ट्रस्टी **श्री महेश भाई भंसाली** के सौजन्य से प्रत्येक शिविर के लिए अलग-अलग **1,50,000 रुपए** के **2500 चश्मे** निःशुल्क प्राप्त हुए।

▸ **दिनांक 10 जून 2023** को क्लब की नियमित सभा **डेली बेली रेस्टोरेंट** में सम्पन्न हुई।



▸ पीडीजी **रो. रवि प्रकाश लंगर** के सहयोग






से क्लब की ओर से **3 शासकीय विद्यालयों** प्रोजेक्टर एवं ई-कन्टेन्ट प्रदान किया गया, जिसमें से दो विद्यालयों **शासकीय मालव कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय** एवं **स्वामी विवेकानन्द उच्चतर माध्यमिक विद्यालय** में **दिनांक 24 जून 2023** को इसका लोकार्पण किया गया।



▸ **दिनांक 21 जून 2023** को अहीरखेड़ी के शासकीय ..... विद्यालय में **25 डेस्क** प्रदान की गई, जो कि सत्र 2018 में तत्कालीन अध्यक्ष **रो. डॉ. जवाहरलाल गर्ग** एवं मानद् सचिव **रो. आलोक डे** में ग्लोबल ग्रांट प्रकल्प के अन्तर्गत प्राप्त की गई हैं। इसी प्रकार **25 डेस्क शासकीय विद्यालय पिपलियाहाना** को भी प्रदान की जाएगी।

## क्लब समाचार

▸ पू. अ. **रो. मधुकांत दुबे** ने अपने यूके प्रवास के दौरान **रोटरी कोवेन्ट्री जुबिली क्लब** की क्लब सेकेट्री **रो. मेरी केन्टीलोन** से सम्पर्क किया एवं 6 जून को इसी क्लब की पाक्षिक सभा में पत्नी **एन् मधुलिका दुबे** एवं पुत्र के साथ सम्मिलित हुए। सभा में प्रेसिडेंट **रो. डेविड** एवं क्लब के अन्य सदस्य उपस्थित थे। सभी सदस्यों से परिचय, साहचर्य, रात्रिभोज पश्चात् फ्लैग एक्सचेंज किया गया। सभा में आपने अपना संक्षिप्त उद्बोधन दिया एवं सभी को भारत के स्वच्छतम शहर इंदौर आने का निमंत्रण भी दिया।



▸ मध्यप्रदेश के **अखिल भारतीय लघु कथा शोध केंद्र समिति** द्वारा क्लब के सदस्य रो. डॉ. जी. के. पाराशर की संगिनी **एन् विद्यावती पाराशर** को सम्मानित किया गया, बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएँ!

▸ **पू.अ. रो. आलोक डे** के नेतृत्व में **गंगटोक-सिक्किम-दार्जिलिंग** की यात्रा हेतु कुछ अपटाउन सदस्य सपरिवार सम्मिलित हुए और **दिनांक 5 जून 2023** को वापिस लौटे।



▸ **दिनांक 9 जून 2023** को निर्वाचित अध्यक्ष **रो. डॉ. उपिन्दर धर** द्वारा क्लब सदस्यों के साथ एक **ऑनलाईन सभा** आयोजित की गई। कई सदस्यों ने इसमें भाग लिया।




▸ पत्रिका **बिजनेस टुडे** के एक अंक में पू.अ. **रो. अनिल खारिया** एवं उनके प्रतिष्ठान **मॉडर्न लेबोरेटरीज़** के संबंध में जानकारी प्रकाशित हुई। बहुत-बहुत बधाई।

▸ **रो. जयेश-एन् पल्लवी झा** के सुपुत्र **चि. प्रवेश** ने **स्कूलिच, योर्क यूनिवर्सिटी टोरंटो, कनाडा** से **एमबीए** की डिग्री प्राप्त कर ली है। बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएँ।अपने कनाडा प्रवास के दौरान **रो. जयेश-एन् पल्लवी झा** रोटरी अन्तर्राष्ट्रीय अध्यक्ष **रो. जेनिफर जोन्स** के होम क्लब **ओन्टोरिया** भी गए थे।

▸ **भोपाल में आयोजित एमएसएमई समिट में रो. अनिल खारिया** की दोनों कम्पनियों **मॉडर्न लेबोरेटरीज़** और **नंदिनी मेडिकल लेबोरेटरीज़** को मध्यप्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री **श्री शिवराजसिंहजी चौहान** के कर-कमलों प्रतिष्ठित **एमएसएमई अवार्ड 2023** में **प्रथम स्थान** प्रदान किया गया। इसके अन्तर्गत दोनों कम्पनियों को **ढाई लाख रूपए की राशि** देकर पुरस्कृत किया गया।

▸ आगामी सत्र एवं अधिष्ठापन संबंधित तैयारियों हेतु क्लब के वरिष्ठ सदस्यों के साथ **गुमास्ता नगर स्थित वैष्णव मेनेजमेंट कॉलेज** में सभा का आयोजन **29 जून 2023** को किया गया। क्लब अध्यक्ष, मानद् सचिव, निर्वाचित अध्यक्ष-सचिव, पीडीजी एवं कई पूर्व अध्यक्ष सहित क्लब सदस्य इस अवसर पर उपस्थित थे।



▸ **श्री वैष्णव विद्यापीठ विश्वविद्यालय के वैष्णव वस्त्र प्रौद्योगिकी संस्थान** द्वारा **1 से 30 जून 2023** तक एक माह का **निःशुल्क गारमेंट प्रशिक्षण ग्रामीण क्षेत्र की 17 युवतियों को** दिया गया, का **समापन समारोह** सम्पन्न हुआ, सभी को सर्टिफिकेट दिए गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सांवेर की मुख्य कार्यपालन अधिकारी **श्रीमती कुसुम मंडलोई** उपस्थित थीं। क्लब अपटाउन से **रो. डॉ. उपिन्दर धर, रो. दीपक शालिया, रो. शरद तिवारी** एवं अन्य रोटेरियन्स उपस्थित थे।



## शुभ जन्मदिवस

01.07 रो. उत्तम वर्मा ☎ 98260 41618
02.07 एन् संगीता शाह ☎ 94250 66734
05.07 रो. जयेश झा ☎ 98260 51728
07.07 एन् अंजू अग्रवाल ☎ 94248 89014
11.07 एन् भक्ति मुल्ये ☎ 99930 28692
11.07 एन् सावित्री नुहाल ☎ 94253 14901
14.07 रो. शिरीष भटनागर ☎ 99934 18958
16.07 रो. कमलकांत रॉय ☎ 79875 28639
16.07 एन् पल्लवी अग्रवाल ☎ 98260 56589
20.07 एन् रेणू गुप्ता ☎ 98338 98895
21.07 सुश्री महिमा ☎ 83198 65079
28.07 रो. प्रफुल्ल चतुर्वेदी ☎ 93025 02894

## वैवाहिक वर्षगांठ की शुभकामनाएं

02.07 रो. अतुल-एन् रानी गुप्ता ☎ 98260 21020
04.07 रो. सुरेश-सावित्री नुहाल ☎ 98270 29050
04.07 रो. नरेन्द्र-एन् मनीषा बाफना ☎ 94254 00162
11.07 रो. मनमोहन-एन् इंदुबाला तिवारी ☎ 94259 57269

## इनरव्हील समाचार

**दिनांक 14 मई 2023** को **भोपाल** में आयोजित **इनरव्हील मण्डल 304** के **पुरस्कार समारोह अक्स** में **इनरव्हील क्लब ऑफ इन्दौर अपटाउन** ने **18 पुरस्कार** प्राप्त किए। सभी को बहुत–बहुत बधाई एवं शुभकामनाएँ।



## चार्टर डे सेलिब्रेशन

क्लब का चार्टर डे सेलिब्रेशन सुपर स्पेश्यलिटी हॉस्पिटल की 8वीं मंज़िल पर स्थित ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया था।

**27 जून 1989** को **रोटरी क्लब ऑफ इन्दौर अपटाउन की स्थापना** हुई थी, अतः प्रत्येक वर्ष इसे **चार्टर डे** के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर चार्टर सदस्यों के सम्मान की परम्परा विगत कई वर्षों से जारी है। इस वर्ष भी उपस्थित चार्टर सदस्यों **रो. विजय बिडवई, रो. अनिल भोंसले, रो. महेश गुप्ता, रो. प्रदीप कासलीवाल, रो. शरद पाण्डेय** एवं **रो. डॉ. अपूर्व पौराणिक** की अनुपस्थिति में **रो. डॉ. नीरजा पौराणिक** को सम्मानित किया गया।



मण्डलाध्यक्ष **रो. जिनेन्द्र जैन** ने अपने उद्बोधन में कहा कि रोटरी क्लब ऑफ इन्दौर अपटाउन शिक्षा, चिकित्सा एवं पर्यावरण संबंधित प्रकल्पों में सदैव अग्रणी रहा है और इस सराहनीय कार्य हेतु उन्होंने क्लब को बधाइयां एवं शुभकामनाएं प्रेषित की।

रात्रि भोज के पश्चात् **गीत–संगीत** का कार्यक्रम क्लब के सदस्यों द्वारा आयोजित किया गया, जिस का संचालन **रो. बी. एन. राठौर** एवं **रो. दीपक शाह** द्वारा किया गया।

केक काटा गया। **रो. डॉ. आराधना सहाय, रो. दीपक शाह, एन् ममता राठौर, रो. शरद तिवारी, रो. डॉ. नीरजा पौराणिक, एन् पूनम गुप्ता, एन् अर्चना गुप्ता** एवं **एन् निधि बिडवई** द्वारा मधुर गीतों की प्रस्तुति दी गई।

सभी सदस्यों का तिलक लगा कर एवं मोती की माला पहनाकर सम्मान किया गया एवं सत्र को यादगार बनाने हेतु स्मृति चिन्ह के रूप में सभी सदस्यों को उनकी जीवन संगिनी के साथ ली गई फोटो फ्रेम करवाकर भेंट की गई।



मानद् सचिव **रो. विनीत सहाय** की सचिवीय घोषणा के उपरांत क्लब के निर्वाचित अध्यक्ष श्री वैष्णव विद्यापीठ विश्वविद्यालय के कुलपति **रो. डॉ. उपिन्दर धर** ने आभार व्यक्त किया।

## विगत मण्डल कार्यक्रम



**दिनांक 17 एवं 18 जून 2023** को **रोटरी क्लब ऑफ रतलाम** की मेजबानी में **डिस्ट्रिक्ट ट्रेनिंग असेम्बली, डिस्ट्रिक्ट टीम ट्रेनिंग सेमिनार** एवं **ग्रांट मेनेजमेंट सेमिनार हृदयाकाश** का आयोजन **कान्हा इन्टरनेशनल रतलाम** में किया गया। अपटाउन के कई सदस्य इस अवसर पर उपस्थित थे।

## रोट्रेक्ट समाचार

रोट्रेक्ट क्लब की **डिस्ट्रिक्ट अवार्ड सेरेमनी नेक्सस 3.0** में **रोट्रेक्ट क्लब ऑफ यंग अपटाउन** ने कुल **7 पुरस्कार** प्राप्त किए। **रोट्रेक्ट क्लब ऑफ श्री वैष्णव विद्यापीठ विश्वविद्यालय** अध्यक्ष **रोट्रे. खुशी श्रीवास्तव** को **मिस नेक्सस 3.0** से नवाज़ा गया। बहुत–बहुत बधाई।



रोट्रेक्ट क्लब ऑफ यंग अपटाउन



रोट्रेक्ट क्लब ऑफ श्री वैष्णव विद्यापीठ विश्वविद्यालय

## आगामी मण्डल कार्यक्रम

**जनछवि विषय पर आधारित**
**सत्र की प्रथम अन्तर्नगरीय सभा**
**हमारी छवि**
**रविवार, दिनांक 2 जुलाई 2023**
**स्थान : बुरहानपुर**

**पंजीयन शुल्क :**
**अर्ली बर्ड रजिस्ट्रेशन 700 रुपए एवं**
**स्पॉट रजिस्ट्रेशन 800 रुपए प्रति सदस्य**
**मेजबान : रोटरी क्लब ऑफ बुरहानपुर**

## शोक समाचार

पीडीजी **रो. संजीव गुप्ता** के ससुरजी एवं **एन् अर्चना गुप्ता** के पिताश्री का निधन **दिनांक 29 जून 2023** को हो गया। अपटाउन परिवार विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता है।

# डायलिसिस मशीन हैंडओवर सेरेमनी






मंगलवार, दिनांक 27 जून 2023 रोटरी **क्लब ऑफ इन्दौर अपटाउन** द्वारा मानव सेवा हेतु चिकित्सा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण एवं अभिनव प्रकल्प इन्दौर के ढक्कन वाला कुआं स्थित **सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल** में **रोटरी फाउंडेशन ग्लोबल ग्रांट # 2342053** तथा क्लब सदस्यों के सहयोग से **तीन डायलिसिस मशीनें, आर ओ एवं अन्य एसेसरीज़** भेंट की गई। इस प्रकल्प का लोकार्पण इन्दौर शहर के महापौर **श्री पुष्यमित्र भार्गव**, मण्डलाध्यक्ष रोटरी मण्डल 3040 **रो. जिनेन्द्र जैन**, महात्मा गांधी मेडिकल कॉलेज के डीन एवं सी ई ओ **डॉ. संजय दीक्षित** एवं सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के सुपरिटेंडेंट **डॉ. सुमित शुक्ला** के कर–कमलों किया गया।

इस प्रकल्प के कमेटी मेंबर्स क्लब सदस्य **रो. सुनील माहेश्वरी, रो. राजन बवेजा, रो. शरद तिवारी**, क्लब अध्यक्ष **रो. लालिमा तिवारी**, मानद् सचिव **रो. विनीत सहाय** एवं प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर **पूर्व मण्डलाध्यक्ष रो. अतुल गार्गव** द्वारा कम्युनिटी असेसमेंट कर पता लगाया कि दिन पर दिन किडनी से संबंधित की समस्या बढ़ने से इंदौर शहर एवं आसपास के क्षेत्रों से डायलिसिस के लिए आने वाले मरीजों को कई मुसीबतों का सामना करना पड़ता है। हॉस्पिटल में जितनी मशीनें हैं, वो कम पड़ती हैं। कुछ मरीज इसमें आने वाले खर्चे का वहन भी




नहीं कर पाते, अतः मरीजों की सुविधा एवं समाज सेवा के अंतर्गत इस प्रकल्प को करने का विचार आया। इस प्रकल्प हेतु **क्लब के दानदाताओं के साथ ही रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3310 सिंगापुर, गुजरात के रोटरी क्लब एवं अन्य रोटरी क्लब का सहयोग** रहा। रोटरी मण्डल 3040 के सहायक मण्डलाध्यक्ष **रो. घनश्याम सिंह** भी उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा भारतीय परंपरानुसार विधिवत मशीनों का पूजन कर किया गया। महापौर **श्री पुष्यमित्र भार्गव** ने इस अवसर पर कहा कि क्लब द्वारा दी गई मशीनें शहर को दी गई अति महत्वपूर्ण सौगात है। महापौर द्वारा सभी दानदाताओं का सम्मान किया गया।

**ग्लोबल ग्रांट में सहयोग**

| | |
|---|---|
| श्री ज्ञान कटारिया एवं रो. सुरेश नुहाल | – 4100 डॉलर |
| रो. लालिमा–रो. शरद तिवारी, श्री संजीव तिवारी, श्री पवन तिवारी | – 3000 डॉलर |
| रो. सुनील माहेश्वरी | – 1000 डॉलर |
| रो. राजन बवेजा | – 1000 डॉलर |
| पीडीजी रो. अतुल गार्गव | – 500 डॉलर |
| रो. अनिल खरिया | – 500 डॉलर |
| रो. पंकज अग्रवाल | – 256 डॉलर |
| एन् डॉ. संतोष धर | – 182 डॉलर |
| रो. आर. एस. गर्ग | – 182 डॉलर |
| रो. अशोक जिंदल | – 134 डॉलर |
| रो. नरेंद्र बाफना | – 134 डॉलर |
| रो. डॉ. विजय बिडवई | – 100 डॉलर |
| रो. मधुकांत दुबे | – 98 डॉलर |
| क्लब फाउंडेशन फंड | – 1460 डॉलर |

क्लब की ओर से महापौर **श्री पुष्यमित्र भार्गव** को स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। कार्यक्रम में लगभग 250 व्यक्ति सम्मिलित हुए।





